मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल का त्रैमासिक न्यूज लेटर

# जैवविविधता

अंक – 2 जुलाई–सितम्बर 2021

## जैवविविधता प्रबंधन समिति एवं लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण



**डॉ धर्मेन्द्र वर्मा**
**सदस्य सचिव**

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 तथा जैविक संसाधनों तक पहुँच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बंटाना विनियम, 2014 (विनियम, 2014) के प्रावधानों के अंतर्गत जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन, जैवसंसाधनों का संवहनीय उपयोग तथा लाभों का साम्यपूर्ण प्रभाजन के क्रियान्वयन हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन प्रावधानित है। इस हेतु प्रदेश में प्रत्येक स्थानीय निकाय स्तर (पंचायत एवं नगरीय निकाय) पर 23557 जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है। स्थानीय स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समिति के सहयोग से जैवविविधता का संरक्षण एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जैवविविधता का दस्तावेजीकरण किया जाना है।

जैवविविधता का दस्तावेजीकरण अंतर्गत जैवविविधता प्रबंधन समिति द्वारा स्थानीय लोगों के परामर्श से लोक जैवविविधता पंजी का निर्माण किया जाना प्रावधानित है। लोक जैवविविधता पंजी में स्थानीय जैविक संसाधनों की उपलब्धता और ज्ञान, उनके औषधीय या किसी अन्य उपयोग या उनसे जुड़े किसी भी अन्य पारंपरिक ज्ञान की व्यापक जानकारी का समावेश किया जाता है।

इस परिप्रेक्ष्य में मध्य प्रदेश में समस्त स्थानीय निकाय स्तर पर डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी का निर्माण कार्य किया गया है। बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों को लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतन कार्य हेतु मार्गदर्शन तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मैदानी स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समितियों द्वारा जैवविविधता से सरोकार रखने वाले विभागों के सहयोग से डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी को निरंतर अपडेट किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में स्थानीय समुदाय का सहयोग भी आवश्यक है।

आशा है कि जैवविविधता सरक्षण एवं संवर्धन तथा लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य में स्थानीय समुदाय, स्थानीय निकायों, जैवविविधता प्रबंधन समितियो एवं जैवविविधता के से साझा सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जायेगा।

**शुभकामनाओं सहित।**

**(डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा)**
सदस्य सचिव

# जैव संसाधन तक पहुंच के निबंधन और फीस संग्रहण के लिए दिशानिर्देश

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैव संसाधनों तक पहुंच एवं लाभ प्रभाजन से प्राप्त राशि के वितरण तथा जैवविविधता प्रबंधन समितियों के लिए जैवसंसाधन तक पहुंच के निबंधन और फीस संग्रहण के लिए दिशानिर्देश तैयार करने हेतु समिति की प्रथम बैठक श्री आलोक कुमार, प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (वन्यप्राणी), मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 08.07.2021 को अपरान्हः 03.30 बजे प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, सदस्य सचिव, म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड – सदस्य सचिव, श्री सी. के. पाटिल, प्रधान मुख्य वनसरंक्षक (संरक्षण), सतपुड़ा भवन, भोपाल, श्री चितरंजन त्यागी, अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (विकास) एवं अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (संयुक्त वन प्रबंधन) – सदस्य, श्री शुभरंजन सेन, अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (बजट एवं वित्त) एवं श्रीमती अर्चना शुक्ला, प्रतिनिधि प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ उपस्थित रहे। बैठक में डॉ एलिजाबेथ थॉमस, सहायक सदस्य सचिव (बायो रिसोर्स एक्सेस) राज्य जैवविविधता बोर्ड, श्री शिवप्रताप सिंह बघेल, सहायक सदस्य सचिव (प्रशासन/वित्त) राज्य जैवविविधता बोर्ड, श्री विवेक कुमार पाण्डेय, तकनीकी विशेषज्ञ (एन.आर.एम.), राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल विशेष आमंत्रित के रुप में उपस्थित हुये।



**श्री आलोक कुमार, प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (वन्यप्राणी), मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में जैवसंसाधन तक पहुंच के निबंधन और फीस संग्रहण के लिए दिशानिर्देश तैयार करने हेतु आयोजित बैठक**



# जैवविविधता उद्यान (Biodiversity Park) की स्थापना

जैवविविधता उद्यान (Biodiversity Park) स्थापना, स्थानीय जैवविविधता का संरक्षण तथा जैवविविधता को स्थानीय समुदाय एवं पर्यटन से जोड़ना है। प्रदेश में जैवविविधता उद्यान की स्थापना के संबंध में दिनांक 11.08.2021 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया है।



**जैवविविधता उद्यान की स्थापना के संबंध प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 11.08.2021 को आयोजित बैठक**

बैठक के निर्णय अनुसार भोपाल शहर की सीमा (नगरीय निकाय सीमा) में एवं शहर के समीपस्थ उपलब्ध क्षेत्र की रिक्त भूमि (राजस्व वन भूमि अथवा राजस्व भूमि) पर जैवविविधता उद्यान की स्थापना हेतु नगरीय निकाय सीमा मे अविकसित उद्यान का दिनांक 12.08.2021 क्षेत्र भ्रमण किया गया। डॉ. फैयाज खुदसर, वैज्ञानिक, दिल्ली विश्व विद्यालय द्वारा जैवविविधता उद्यान हेतु स्थल चयन कार्यवाही में तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। डॉ फैयाज खुदसर, द्वारा प्रदेश के जिलों के वन अधिकारीयों को मार्गदर्शन प्रदान किये जाने हेतु दिनांक 12.08.2021 बोर्ड कार्यालय से जैवविविधता उद्यान की स्थापना के संबंध में ऑनलाईन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



**जैवविविधता उद्यान स्थापना हेतु ऑनलाईन प्रशिक्षण**



**डॉ. फैयाज खुदसर, वैज्ञानिक, दिल्ली विश्व विद्यालय द्वारा जैवविविधता उद्यान हेतु स्थल चयन कार्यवाही**

मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड कार्यालय में दिनांक 03.09.2021 को जैवविविधता उद्यान की स्थापना हेतु भूमि के चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थिति हुये। डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल (म.प्र.), रावेन्द्र सक्सेना, मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय – वनवृत्त भोपाल, श्री आलोक पाठक, वनमण्डलाधिकारी, क्षेत्रीय वनमण्डल – भोपाल, श्री विजय श्रीवास्तव, वनमण्डलाधिकारी, राजधानी परियोजना, भोपाल, श्री सुनील भारद्वाज, उप वनमण्डलाधिकारी, क्षेत्रीय वनमण्डल–भोपाल एवं डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव, (सी.एण्ड.डी), डॉ. एलिजाबेथ थॉमस सहायक सदस्य सचिस, (बायो), श्री शिवप्रताव सिंह बघेल, सहायक सदस्य सचिस, (प्रशा./वित्त) मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड बैठक में उपस्थित हुये।

मध्यप्रदेश जैवविविधता उद्यान की स्थापना हेतु भूमि के चयन की कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु राज्य जैवविविधता बोर्ड कार्यालय में दिनांक 08.09.2021 को डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, सदस्य सचिव तथा वनमण्डलाधिकारी भोपाल द्वारा क्षेत्र भ्रमण किया गया।



**जैवविविधता उद्यान की स्थापना हेतु भूमि के चयन समिति की बैठक**



**जैवविविधता उद्यान की स्थापना हेतु डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा सदस्य सचिव तथा वनमण्डलाधिकारी भोपाल द्वारा क्षेत्र भ्रमण**

जैवविविधता पार्क की स्थापना हेतु, संचालक, स्कल ऑफ प्लानिंग भोपाल के साथ दिनांक 20.09. 2021 को मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड कार्यालय के समाकक्ष में आयोजित बैठक में डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, प्रो. श्रीधरन, संचालक, स्कूल ऑफ प्लानिंग भोपाल (म. प्र.), डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव (सी.एण्ड.डी), डॉ. एलिजाबेथ थॉमस, सहायक सदस्य सचिव (बायो) मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, अनुपमा भारती, फैकल्टी मेम्बर, श्री सौरभ पोपली, सहायक प्रो., एवं श्री सोहल तिवारी, फैकल्टी मेम्बर, स्कूल ऑफ प्लानिंग भोपाल (म.प्र.) बैठक में उपस्थित हुये।

जैवविविधता उद्यान के संबंध में स्मार्ट सिटी कार्यालय, भोपाल में दिनांक 29.09.2021 को आयोजित बैठक में डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया।



**जैवविविधता उद्यान की स्थापना हेतु भूमि के चयन समिति की बैठक**



**जैवविविधता उद्यान की स्थापना के संबंध में स्मार्ट सिटी भोपाल में आयोजित बैठक**

# लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य

मान. राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा प्रकरण क्रमांक 347/2016 में लिये गये निर्णय के परिपालन में बोर्ड की 17वीं बोर्ड बैठक (दिनांक 02.06.2020) के निर्णय अनुसार प्रदेश में समस्त स्थानीय निकायों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत स्तर (ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत) 23,179 एवं नगरीय एवं आवास विभाग द्वारा 378 प्रदेश में समस्त निकाय स्तर पर शत–प्रतिशत जैवविविधता प्रबंधन समितियों द्वारा Digital and Dynamic लोक जैवविविधता पंजी का कुल 23,557 निर्माण किया गया है। मैदानी स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समितियों द्वारा जैवविविधता से सरोकार रखने वाले विभागों के सहयोग ग्रीन इंडिया मिशन, नेशनल बायोडायवर्सिटी ऑथोरिटी, चैन्नई एवं कैंपा मद अंतर्गत डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी को अपडेट किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जैवविविधता प्रबंधन समिति, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बार्ड एवं क्षेत्रिय वनमंडल स्तर पर निम्नानुसार कार्यवाही की गई–

**अ. जैवविविधता प्रबंधन समितियों की बैठक**

जैवविविधता जागरूकता हेतु स्थानीय निकायों (जनपद पंचायतों) एवं नगरीय निकाय (नगर पालिका) स्तर पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों की निम्नानुसार ऑनलाईन बैठक का आयोजन किया गया–

| क्र. | दिनांक | स्थान | निकाय का स्तर |
|---|---|---|---|
| 1. | 02.07.2021 | पंधाना | जनपद पंचायत |
| 2. | 06.07.2021 | पुनासा | जनपद पंचायत |
| 3. | 08.07.2021 | रामनगर | जनपद पंचायत |
| 4. | 15.07.2021 | गरौठ एवं टीकमगढ | जनपद पंचायत |
| 5. | 19.07.2021 | मझौली | जनपद पंचायत |
| 6. | 19.07.2021 | मण्डला | नगर पालिका |
| 7. | 20.07.2021 | सिहोरा | जनपद पंचायत |
| 8. | 23.07.2021 | ईशागढ़ एवं दमोह | जनपद पंचायत |
| 9. | 28.07.2021 | बल्देवगढ़ | जनपद पंचायत |
| 10. | 28.07.2021 | चंदेरी | नगर पालिका |
| 11. | 07.09.2021 | सिहोरा | नगर पालिका |
| 12. | 08.09.2021 | सिहावल | जनपद पंचायत |
| 13. | 13.09.2021 | सीधी | जनपद पंचायत |
| 14. | 14.09.2021 | मैहर | जनपद पंचायत |
| 15. | 14.09.2021 | सीधी | नगर पालिका |
| 16. | 15.09.2021 | मझौली | जनपद पंचायत |
| 17. | 16.09.20221 | कुसमी | जनपद पंचायत |
| 18. | 27.09.2021 | जबलपुर | नगर निगम |

### ब. बोर्ड स्तर पर समीक्षा

| क्र. | दिनांक | स्थान | निकाय का स्तर |
|---|---|---|---|
| 1. | 13.07.2021 | इन्दौर, टिमरनी, सौसर एवं बिछुआ, कोलारस | जनपद पंचायत |
| 2. | 10.08.2021 | अमरपाटन, उचेहरा, दमोह, बैरासिया, फंदा, हरदा | जनपद पंचायत |
| 3. | 11.08.2021 | रामपुर नैकिन | जनपद पंचायत |
| 4. | 16.08.2021 | मुरार, मऊ | जनपद पंचायत |

### स. वनमंडल स्तर पर समीक्षा

| क्र. | दिनांक | स्थान | निकाय का स्तर |
|---|---|---|---|
| 1. | 14.07.2021 | मंदसौर | क्षेत्रीय वनमण्डल |
| 2. | 15.07.2021 | सिवनी एवं भिण्ड | क्षेत्रीय वनमण्डल |
| 3. | 19.07.2021 | देवास | क्षेत्रीय वनमण्डल |
| 4. | 22.07.2021 | अशोकनगर एवं जबलपुर | क्षेत्रीय वनमण्डल |
| 5. | 30.07.2021 | इन्दौर | क्षेत्रीय वनमण्डल |
| 6. | 06.10.2021 | सतना | क्षेत्रीय वनमण्डल |
| 7. | 09.10.2021 | उमरिया | क्षेत्रीय वनमण्डल, |
| 8. | 26.10.2021 | सागर | क्षेत्रीय वनमण्डल, |

### द. प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र. | दिनांक | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | 23 अगस्त 2021 | 09 जिलों के 37 ग्राम पंचायत स्थानीय निकाय के कुल 9 पी.आई. एवं को–पी.आई एवं को लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के संबंध में ऑनलाईन प्रशिक्षण। |
| 2. | 15 एवं 16 सितंबर 2021 | 04 जिलों के 03 जनपद पंचायत एवं 02 नगर पालिका स्थानीय निकाय के कुल 10 पी.आई. एवं को–पी.आई एवं 2 डाटा सर्वेयर को लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के संबंध में ऑनलाईन प्रशिक्षण। |

### ई. ग्रीन इण्डिया मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण कार्य

| क्र | जिले का नाम | जनपद पंचायत का नाम | क्र | ग्राम पंचायत का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **होशंगाबाद** | **केसला** | 1. | कोहदा |
| | | | 2. | पथरौटा |
| | | | 3. | पिपरियाकलां |
| | | | 4. | धोबीटालपुरा |
| | | | 5. | मोरपानी |

| क्र | जिले का नाम | जनपद पंचायत का नाम | क्र | ग्राम पंचायत का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 2. | बालाघाट | कटंगी | 6. | कौशुम्बा |
| | | | 7. | कोयलारी |
| | | | 8. | किशनपुर |
| | | | 9. | कन्हरगांव |
| | | | 10. | अम्बेझारी |
| 3. | सिवनी | कुरई | 11. | खण्डासा |
| | | | 12. | पाटन |
| | | | 13. | रमली |
| | | | 14. | रामपुरी |
| | | | 15. | रीडडी |
| | | केवलारी | 16. | बगलई |
| | | | 17. | अर्जुन झिर |
| | | | 18. | रूमाल |
| | | | 19. | सुखतारा |
| | | | 20. | सरसडोल |
| 4. | बैतूल | शाहपुर | 21. | पहावाड़ी |
| | | | 22. | पवारझण्डा |
| | | | 23. | मुडा (मुडा) |
| | | | 24. | रायपुर (हिरावाड़ी) |
| | | | 25. | कोठा (कोठा) |
| 5. | सागर | जैसीनगर | 26. | अगरिया |
| | | | 27. | बंजरिया |
| | | | 28. | बिशनपुर |
| | | | 29. | बम्होरीघाट |
| | | | 30. | डुंगरिया |
| 6. | पन्ना | पवई | 31. | कलदा |
| | | | 32. | हड़ा |
| | | | 33. | सुनवानीकला |
| 7. | बड़वानी | पानसेमल | 34. | पिपरानी |
| 8. | सतना | उचेहरा | 35. | रामपुर पाठा |
| | | | 36. | गढौत |
| 9. | उमरिया | करकेली | 37. | आमाडोगरी |



रानी दुर्गावती शास. स्नातकोत्तर महा., मण्डला में जैवविविधता प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक




जिला खण्डवा में आयोजित जैविवितधता प्रबंधन समितियों की बैठक




जैवविविधता प्रबंधन समिति हरसूद की प्रथम बैठक




जैवविविधता प्रबंधन समिति पंधाना की प्रथम बैठक






## जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक हुई

दमोह (आरएनएन)। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शुक्रवार को जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक हुई जिसमे जैव विविधता पंजी निर्माण की प्रगति की समीक्षा हुई। प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर मोहन राय ने बताया कि दमोह जनपद के अंतर्गत ८९ ग्राम पंचायत हैं जहां पर विभिन्न प्रकार की वनस्पतियां जीव-जंतु व इनके के द्वारा जैव विविधता पंजी का निर्माण कराया जा रहा है जो भविष्य में उपयोगी सिद्ध होगी व विलुप्त होती प्रजातियों को बचाने में सहायक होगी। बैठक में आरके जैन, कु. पूनम मिश्रा, डॉ एचआर माझी, आरआर प्यासी, हुकुम सिंह ठाकुर, मनीष नेमा, संजय दुबे, वीरेंद्र श्रीवास्तव, भगवान सिंह ठाकुर, कमलेश मिश्रा, कमलेश सेन, हेमेंद्र

जनपद पंचायत – दमोह में जैवविविधता प्रबंधन समिति की बैठक दिनांक 13.07.2021




जनपद पंचायत– इंदौर, टिमरनी, सौसर, बिछुआ, कोलारस स्तर पर लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतनीकरण की ऑनलाईन समीक्षा बैठक दिनांक 13.07.2021







वनमण्डल – इंदौर, में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण बैठक का आयोजन










**ग्रीन इण्डिया मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर पी.आई., को–पी.आई. का ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम**

## जैव संसाधनो से उदभूत लाभ प्रभाजन आधारित एम.आई.एस. पोर्टल

जैवविविधता अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वनमंडल कटनी द्वारा जैव संसाधनो के व्यापारियों से लाभ प्रभाजन एवं इससे संबन्धित जानकारी के संधारण एवं विश्लेषण हेतु म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड के वित्तीय सहयोग से एम.आई.एस. पोर्टल का निर्माण किया गया है। जिसका प्रस्तुतिकरण श्री अनुपम शर्मा, प्रोबेशनर, आई.एफ.एस. एवं कटनी जैवविविधता प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 17.08.2021 को वर्चुअल बैठक के माध्यम से किया गया। इस एम.आई.एस. पोर्टल के संबंध मे सदस्य सचिव, मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा वनमंडल कटनी को इस प्रशंसनीय पहल हेतु बधाई दी गयी एवं बताया गया कि उपरोक्त एम.आई.एस. पोर्टल के सफल संचालन के पश्चात इसे प्रदेश स्तर पर स्थित क्षेत्रीय इकाईयों में भी भविष्य मे क्रियान्वित किए जाने की की योजना है।



**जैव संसाधनो से उदभूत लाभ प्रभाजन आधारित एम.आई.एस. पोर्टल हेतु ऑनलाईन बैठक का आयोजन**

## वन्यप्राणी अपराध को संबोधित करने की रणनीतियाँ, वन अधिकारियों के साथ समन्वय बढ़ाने के लिए अभियोजन अधिकारियों को संवेदनशील बनाने विषयक कार्यशाला

कान्हा टाईगर रिजर्व, जिला मण्डला में दिनांक 18.09.2021 एवं 19.09.2021 को आयोजित कार्यशाला & Strategies to address wildlife crime; sensitization of prosecution officers for enhanced coordination with forest officers" में म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड की ओर से डॉ. एलिजाबेथ थॉमस, सहायक सदस्य सचिव (बायो), श्री विवेक पाण्डेय, तकनीकी वि
शेषज्ञ (एन.आर.एम) एवं श्री स्वप्निल चतुर्वेदी, तकनीकी विशेषज्ञ (विधि) द्वारा भाग लिया गया। दो दिवसीय कार्यशाला में लगभग 50 प्रतिभागी उपस्थित हुये जिसमें सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी सम्मिलित थे। कार्यशाला में वन अधिनियम, वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, फोरेस्ट जूरिसप्रूडेन्स, वन्य प्राणी अपराध विषयों पर विषय–विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिये गये। कार्यशाला में सहायक सदस्य सचिव (बायो) द्वारा जैवविविधता अधिनियम, 2002 के विधिक प्रावधानों एवं अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में प्रतिभागियों को प्रस्तुतीकरण दिया गया एवं प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया। समस्त प्रतिभागियों को बोर्ड द्वारा प्रकाशित जैवविविधता अधिनियम की पुस्तक वितरित की गई।




**कान्हा टाईगर रिजर्व, जिला मण्डला में दिनांक 18 एवं 19.09.2021 को दो दिवसीय कार्यशाला आयोजन**

## अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस–2021

डीफ कैन फाउन्डेशन, भोपाल को ''**अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस–2021**'' कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 20 सितम्बर से 26 सितम्बर 2021 तक किये जाने हेतु मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा राशि रू. 25000.00 स्वीकृति प्रदान की गई है।





**''अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस–2021'' के अवसर पर दिनांक 20 से 26 सितम्बर 2021 तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

## आकाशवाणी कार्यक्रम – चलती रहे जिन्दगी

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा आकाशवाणी केन्द्र भोपाल से प्रसारित कार्यक्रम ''चलती रहे जिन्दगी'' में दिनांक 16.07.2021 को जैवविविधता नाटिका ''दादी का चीकू'' दिनांक 30.07.2021 को सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा द्वारा जैवविविधता संरक्षण संवर्धन के संबंध में 10 मिनट का परिचर्चा एवं संवाद किया गया।




## बोर्ड द्वारा आयोजित वेबिनार, प्रशिक्षण बैठक कार्यक्रम

| क्र | दिनांक | वेबिनार, प्रशिक्षण बैठक का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | 05.07.2021 | Brainstorming Session on the Integration of NBA Electronic Dashboard on BMCs and PBR with NIC "Gram Manchitra" for Effective Conservation के अंतर्गत ऑनलाईन बेबिनार आयोजित किया गया। |
| 2. | 08.07.2021 | Webinar on Supporting Implementation of the Post - 2020 Global Biodiversity Framework के अंतर्गत ऑनलाईन बेबिनार आयोजित किया गया। |
| 3. | 19.07. 2021 | Biodiversity Characterization and Use of Indices विषय अंतर्गत ऑनलाईन बेबिनार आयोजित किया गया। |
| 4. | 20, 22 एवं 23 जुलाई 2021 | जैवविविधता प्रबंधन समिति एवं लोक जैवविविधता पंजी निर्माण के संबंध में Internal Brainstorming Sessions के संबंध में तीन दिवसीय ऑनलाईन बेबिनार आयोजित किया गया। |
| 5. | 28.07.2021 | एन.जी.टी. प्रकरण क्रमांक 347/2016 के संबंध में समस्त राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं काउन्सिल (यू.टी) का माह जुलाई 2021 में संपादित कार्यो की ऑनलाईन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। |
| 6. | 21.09.2021 | राज्य कृषि विस्तार एवं अनुसंधान केन्द्र रातीबड़ भोपाल में ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक डॉ. बकुल लाड सहायक सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड बैठक में उपस्थिति हुये । |
| 7. | 30.09.2021 | मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज –2021 कार्यक्रम के को अपरान्ह 3.00 बजे प्रश्न पत्र तैयार करने के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। डॉ. माधुरी मोदक, सेवा नि.प्राध्यापक, वनस्पतिशास्त्र, विज्ञान महाविद्यालय भोपाल श्रीमती संगीता सक्सेना, स्टेट डायरेक्टर, डब्लू डब्लूएफ. इण्डिया, मध्यप्रदेश एवं छत्तीशगढ, रेवा, पर्यावरण परिसर, भोपाल बैठक में उपस्थिति हुये। |
| 8. | 05.10.2021 | बोर्ड द्वारा प्रदेश में समस्त जिलो में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज –2021 जिला स्तर पर को आयोजन के संबंध में प्रदेश के समस्त 52 जिलों के वनमण्डाधिकारी एवं 52 उप वन मण्डलाधिकारी तथा 104 क्विज मास्टर को बोर्ड द्वारा क्विज कार्यक्रम से संबंधित डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, सदस्य सचिव द्वारा ऑनलाईन मार्गदर्शन प्रदान किया गया। |

## स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2021) कार्यक्रम का आयोजन

जैवविविधता सीख एवं प्रदर्शन केन्द्र (डेमो सेंटर) सूरज नगर, भोपाल में स्वतंत्रता दिवस के 75वें वर्षगाठ पर मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड सदस्य सचिव, डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा द्वारा ध्वजरोहण किया गया। बोर्ड के समस्त स्टॉफ ध्वज रोहण कार्यक्रम में उपस्थिति हुये।





**जैवविविधता सीख एवं प्रदर्शन केन्द्र (डेमो सेंटर) सूरज नगर, भोपाल में डॉ. धमेन्द्र वर्मा, सदस्य सचिव मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा ध्वज रोहण किया गया।**

**बुक पोस्ट**

प्रति,

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................


प्रेषक –

**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**

प्रथम तल, किसान भवन,
अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011 (मध्यप्रदेश)
फोन : 0755–2554549, 2554539, 2764911
ई–मेल : mpsbb@mp.gov.in
वेबसाईट : www.mpsbb.nic.in



**संरक्षक**

**डॉ धर्मेन्द्र वर्मा**
सदस्य सचिव

**संपादक मण्डल**

**डॉ. बकुल लाड**
सहायक सदस्य सचिव
(सी. एण्ड. डी)

**डॉ. एलिजाबेथ थॉमस**
सहायक सदस्य सचिव
(बायो)

**शिवप्रताप सिंह बघेल**
सहायक सदस्य सचिव
(प्रशा. / वित्त)